# वन हेल्थ अवधारणा जमीनी स्तर पर ले जाएं

## ऑपरेशन प्लानिंग कार्यशाला में आए सुझाव, पिछले वर्ष की समीक्षा आगामी वर्ष पर चर्चा

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 फरवरी. वन हेल्थ एंड एग्रोइकोलॉजी परियोजना के अंतर्गत ऑपरेशनल प्लानिंग कार्यशाला संपन्न हुई.**

कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने कहा कि वन हेल्थ एवं एग्रोइकोलॉजी जैसे समन्वित विषयों पर कार्य करना आज समय की आवश्यकता है. उन्होंने मानव, पशु एवं पर्यावरणीय स्वास्थ्य के बीच अंतर्संबंधों को समझते हुए समेकित प्रयासों की जरूरत पर बल दिया. उन्होंने ऑपरेशनल प्लान को गहराई और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से तैयार करने संबंधी सुझाव भी दिए. वन हेल्थ एंड एग्रोइकोलॉजी परियोजना के तहत गत एक वर्ष में किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आगामी एक वर्ष के लिए विस्तृत ऑपरेशनल प्लान तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया.



कार्यशाला के दौरान सभी विभागों ने आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की ताकि वन हेल्थ की अवधारणा को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू किया जा सके. डॉ. अजय रामटेके ने वन हेल्थ परियोजना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि मानव, पशु और पर्यावरण स्वास्थ्य आपस में जुड़े हुए हैं और इनके लिए विभागीय समन्वय आवश्यक है. डॉ. स्टेफनी प्रूस ने कहा कि पशु औषधियों के अवशेष समस्याओं से निपटने के लिए बहु-विभागीय सहयोग आवश्यक है. कुलपति ने कहा कि पशु औषधियों के अत्यधिक और गलत उपयोग से एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है. तकनीकी सत्रों में डॉ. नीलेश शाह ने बताया कि पशुओं को दी जाने वाली दवाएँ दूध, मांस, मिट्टी, पानी और मत्स्य संसाधनों के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से मानव शरीर तक पहुँच सकती हैं. उन्होंने एल्बेंडाजोल के जलीय जीवों, मिट्टी के सूक्ष्मजीवों और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर प्रकाश डाला.

कपिल पागनीस ने कहा कि वन हेल्थ केवल एक विभाग का विषय नहीं है, बल्कि सभी विभागों के संयुक्त प्रयास से ही सफल हो सकता है. उन्होंने जागरूकता, व्यवहार परिवर्तन और एल्बेंडाजोल के विकल्पों पर काम करने की आवश्यकता बताई. डॉ. कल्पना दीवान ने कहा कि यह विषय सीधे मानव और पशु स्वास्थ्य से जुड़ा है, इसलिए सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है. प्रो. देवाशीष बोस ने बताया कि विश्वविद्यालय परीक्षण, शोध, प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियों में सहयोग के लिए पूरी तरह तैयार है और केवल पहचान नहीं, बल्कि समाधान पर भी कार्य किया जाएगा. आकाशवाणी के प्रतिनिधि दीपक निषाद ने जनसंचार माध्यमों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया. कार्यशाला के दौरान सभी विभागों ने आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की, ताकि 'वन हेल्थ' की अवधारणा को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू किया जा सके. डॉ. अजय रामटेके ने परियोजना की रूपरेखा प्रस्तुत की.

## एग्रीकल्चर स्टार्टअप को बढ़ावा देने फार्म विजिट

**सागर.** दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय, सागर में स्थापित इन्क्यूबेशन सेंटर के अंतर्गत एग्रीकल्चर से जुड़े स्टार्टअप्स के लिए शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विद्यार्थियों को मलैया प्रकृति फार्म की विजिट कराई गई, जहां प्राकृतिक खेती से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी गई. फार्म पर युवा स्टार्टअप फाउंडर कार्तिक मलैया द्वारा विद्यार्थियों को प्राकृतिक खेती की विधियों, जैविक खाद निर्माण, फसल चक्र, गोआधारित खेती तथा कम लागत में अधिक उत्पादन के व्यावहारिक मॉडल की जानकारी प्रदान की गई. उन्होंने बताया कि आज के समय में प्राकृतिक खेती न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि युवाओं के लिए एक सफल स्टार्टअप मॉडल भी बन सकती है. इस भ्रमण में शुभम दुबे द्वारा विद्यार्थियों को संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन कराया गया.

# राजस्व देनदारों की सूची सार्वजनिक करें



**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 फरवरी. शासन की हितकारी योजनाओं से मार्च माह के अंत तक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें एवं राजस्व वसूली का लक्ष्य पूर्ण करें साथ में अधिक राजस्व देनदारों की सूची सार्वजनिक करें. उक्त निर्देश जिला पंचायत सीईओ विवेक के.वी ने समय सीमा बैठक में दिए.**

समय सीमा बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने निर्देश दिए कि शासन की लोक हितकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को मार्च माह के अंत तक लाभान्वित कर लक्ष्य पूरा करे एवं राजस्व वसूली हेतु शिविरों का आयोजन करे साथ में अधिक देनदारो की सूची सार्वजनिक करें. उन्होंने निर्देश दिए की जन्म प्रमाण पत्र का वितरण गर्भवती माता के डिस्चार्ज होने के समय ही दिया जाए. जिला पंचायत सीईओ ने निर्देश दिए कि राजस्व अधिकारी नामांकन, बटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण कर पोर्टल पर अपलोड करें. आयुष्मान कार्ड बनाने विशेष शिविर आयोजित किए जाएं. उन्होंने निर्देश दिए कि न्यायालय में लंबित सभी मामलों का निराकरण जवाब दावा समय पर प्रस्तुत किए जाएं ऐसा न करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाए. सीएम हेल्पलाइन की सभी शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करें. इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव, राजनंदनी शर्मा मौजूद थीं.

## रहस मेला की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

गढ़ाकोटा के रहस मेला परिसर में 26 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाले 3 दिवसीय रहस मेले के संबंध में जिपं सीईओ श्री के वी ने मेले की तैयारी एवं व्यवस्थाओं के संबंध में सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक ली. बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने निर्देश दिए कि सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी जिम्मेदारी से काम करें. उन्होंने कहा कि मेले में शासन द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं का लाभ मेले में आने वाले नागरिकों को दिया जाए. इस हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाने की व्यवस्था की जाए. मेले में अधिक से अधिक हितग्राहियों को शासकीय योजना का लाभ मिल सके. इसी उद्देश्य को लेकर मेले में स्वास्थ्य शिविर से लेकर अधिकांश विभागों को समस्या निवारण एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को पहुंचाना है .हितग्राही मूलक कार्यक्रम को रखा जाएगा.

# महिला आश्रम में कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 फरवरी. महिला आश्रम में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

बैंकर्स फोरम द्वारा एक कैरियर काउंसिल एवं बैंकिंग संबंधी जानकारी हेतु कार्यक्रम करने का संकल्प लिया गया. यशवंत जैन एवं राकेश सतभैया ने महिला आश्रम के प्रकल्पों में सहयोग करने की घोषणा की. संचालन राजेश सिंघई ने किया. इस दौरान अजित जैन, वीरेन्द्र प्रधान, एमएल जैन, राकेश जैन, उपेन्द्र जैन, राजेश जैन, शिल्की जैन, प्रतिभा जैन, अरुण सिंघई, रमेश जैन, प्रमोद जैन,मानक लाल मौजूद थे.

# उद्यमिता जागरुकता पर कार्यक्रम संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 फरवरी. शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज में एमएसएमई एवं सेडमैप द्वारा उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**



उद्योग व्यापार के लिए आवश्यक दस्तावेज, शासकीय सुविधाओं और टेंडर, प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई. प्राचार्य डॉ अनुराग त्रिवेदी ने कहा कि हमारे कॉलेज के ये छात्र भी सफल उद्यमी बन कर आत्म निर्भर बनेंगे ही साथ साथ अन्य लोगों को भी रोजगार देंगे. डॉ हेमंत पाठक ने कहा कि हर छात्र को जीवन में अनुशासन आवश्यक है फिर वो छात्र जीवन हो या सार्वजनिक जीवन. डॉ मनीष के सोनी ने भी जनरेट करने की प्रक्रिया पर जानकारी दी. प्रो. संकल्प शुक्ला ने टेंडर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी. महेश पाल प्रभारी जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने शासकीय सुविधाओं और सहयोग की जानकारी दी. अमृता बड़कुल उपसंचालक उद्यानिकी ने प्रधानमंत्री खाद प्रसंस्करण उद्यम योजना की जानकारी दी और मिलने वाली सब्सिडी, ब्याज दरों को बताया.



## गजानन मंदिर के शिखर पर कलशारोहण

**राहतगढ़.** बस स्टैंड पर बने गजानन मंदिर पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमो के चलते विद्वान पंडितों की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के बीच गणेश मंदिर के शिखर पर कलश स्थापित किया गया, इस दौरान हवन पूजन भंडारा हुआ. शाम को गणेश जी महाआरती एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया.

# जिले के 104 कम्पोजिट मदिरा दुकानों के लिए टेंडर

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 फरवरी. मध्यप्रदेश राजपत्र ( असाधारण ) क्रमांक 45 में प्रकाशित आबकारी ठेका व्यवस्था वर्ष 2026-27 के परिप्रेक्ष्य में सागर जिले की 104 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का ई-टेण्डर ( ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन ) के माध्यम से किया जाएगा.**

सहायक आयुक्त आबकारी सागर ने बताया कि मदिरा दुकानों की निष्पादन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु आवेदक का ई-आबकारी पोर्टल पर कॉन्ट्रैक्टर माडयूल रजिस्ट्रेशन अंतर्गत पंजीयन होना अनिवार्य है. मदिरा दुकानों की निष्पादन प्रक्रिया में भाग लेने वाले आवेदक पेन कार्ड, जी.एस.टी. (जहाँ लागू हो), बैंक खाता, पहचान संबंधी दस्तावेज एवं शपथ पत्र ई-आबकारी पोर्टल पर अपलोड कर कॉन्ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन कर सकते है.

# नरयावली में पंचायत कमेटियों का गठन

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 फरवरी. मनरेगा बचाओं महासंग्राम एवं पंचायत कमेटियों के गठन को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरयावली के तत्वाधान में जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**



इस दौरान पंचायत स्तर पर पंचायत कमेटियों का गठन किया गया तथा जन चौपाल में आई समस्याओं को सुनकर निराकरण करानें व जनहित के मुद्दों पर चिर्चा की गई. कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह मोहासा ने कहा कि बूथ कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होता है. पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि कमेटियों के माध्यम जन सेवा से जुड़कर सरकार की जन विरोधी नीतियों तथा बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था और बढ़ते अपराधों के खिलाफ आवाज उठाए. प्रभारी लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने कहा कि पार्टी संगठन की मजबूती व स्थानीय जन समस्याओं को पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाने व उनके निराकरण करानें का कार्य करें. ब्लॉक अध्यक्ष द्वय शिवपाल यादव,रवि उमाहिया, दुलारे यादव, आरआर पारासर, विजय साहू मौजूद थे.

# सबसे के साथ सुनी मन की बात



**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 फरवरी. सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने मकरोनिया में उपाध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी विजय गौतम, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री के कार्यक्रम मन की बात के 131वें एपिसोड का सीधा प्रसारण देखा.**

कार्यक्रम में विक्की विजय गौतम, निक्की टोप्पो, निकेश गुप्ता, पवन शर्मा, आनंद जैन, अरविंद सोनी, डॉ. अतुल ताम्रकार, वैभव गौतम, विकास सारथी, राजकुमार ठाकुर, बद्री साहू, भागीरथ, सुभाष नाहर, एचडी सोनी, फरहान खान, सोनू गौतम, अमित मिश्रा, हीरालाल कुर्मी मौजूद थे.




**बस स्टैंड पर हादसा टला**

**सागर. डॉ हरीसिंह गौर मुख्य बस स्टैंड पर आज सुबह एक खाली बस नंबर पर लगाने के दौरान अनियंत्रित हो गई और टकरा गई. बताया जाता है कि बस का क्लीनर बस को स्टार्ट कर नंबर पर लगा रहा था कि बस अनियंत्रित होकर एक फीट ऊंचे प्लेटफार्म पर चढ़ गई.**



# अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में शामिल

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 फरवरी. आधुनिक भारत में सरदार पटेल के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया.**

संगोष्ठी में हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में अध्यापनरत डॉ.सुजाता मिश्र ने कहा कि यह सरदार पटेल जी की ही दूरदृष्टि थी कि आज विभाजन और आजादी के लगभग उन्नासी 79 वर्ष बाद भारत दुनिया के सबसे ताकतवर और विकसित देशों में गर्व से शामिल है. संगोष्ठी में राष्ट्र निर्माण, प्रशासनिक एकीकरण, सुशासन तथा समकालीन भारत की चुनौतियों के संदर्भ में सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों पर गंभीर एवं विश्लेषणात्मक विमर्श हुआ. वक्ताओं ने सरदार पटेल के प्रशासनिक दृष्टिकोण, राष्ट्रीय एकता के संकल्प तथा आधुनिक शासन-प्रणाली में उनकी नीतिगत प्रासंगिकता पर विचार प्रस्तुत किए.

गोष्ठी में माधव चंद्र ने कहा कि सरादार पटेल के विचारों की प्रासंगिकता हमेशा रहेगी. आयोजन विभागाध्यक्ष एवं संयोजक डॉ. मधु एम. थवानी के मार्गदर्शन में किया गया.

## डीपीआर अनुमोदित

**सागर.** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में विधायक शैलेंद्र जैन ने प्रश्न के माध्यम से जानकारी चाही कि केन्द्रीय जेल सागर के नए भवन निर्माण हेतु ग्राम चितौरा में लगभग 80 हेक्टेयर भूमि आवंटित किए जाने के बाद शासन द्वारा निर्माण कार्य के लिए कितना बजट स्वीकृत किया गया है तथा वर्तमान में इस परियोजना की क्या प्रगति है. प्रश्न के उत्तर में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि नवीन केन्द्रीय जेल भवन निर्माण के लिए पुनर्घनत्वीकरण योजना के अंतर्गत किए जाने का प्रस्ताव है. उन्होंने जानकारी दी कि परियोजना की परियोजना प्रतिवेदन साधिकार समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की गई थी. समिति में जेल विभाग से पुनरीक्षित प्रस्ताव मांगा गया था.

# सतोदय तीर्थ क्षेत्र सेरोंन जी में पंचकल्याणक

**नवभारत न्यूज**

**ललितपुर 23 फरवरी. श्री शांतिनाथ सतोदय तीर्थक्षेत्र सेरोंन जी में आगामी माह 4 मार्च से 8 मार्च तक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा समारोह गजरथ महोत्सव व विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है.**



उ.प्र.सरकार द्वारा राज्य अतिथि सम्मान से निर्यापक संत मुनिश्री सुधासागर महाराज ससंध का सानिध्य रहेगा. प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्र प्रदीप भैय्या सुयश अशोकनगर का रहेगा. ससमारोह स्थल पर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह जी,लोक निर्माण खंड से अधिशासी अभियंता इंजी.राजेश कुमार सहित जनपद के अनेक सक्षम अधिकारी जिन्होने प्रथम चरण में क्षेत्र के प्रमुख भगवान शांतिनाथ जी के दर्शन करते हुए वहां की मूर्ति कलां,शिल्प कलां और प्राचीनता को देखा. इस अवसर पर श्रीसतोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष सतीश जैन बंटी, कोषाध्यक्ष विजय जैन लागौन, मंत्री अजय जैन, संजीव जैन सीए,प्रचार मंत्री रवि जैन चुनगी, मुकेश जैन, सक्रिय सदस्य जितेन्द्र जैन, पवन जैन, जयंत जैन, राहुल जैन सहित सभी ने अतिथि अधिकारियों का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया. अधिकारियों महोत्सव परिसर का सम्पूर्ण निरीक्षण किया और कमेटी को विश्वास दिलाया कि होने वाले महामहोत्सव में शासन के निर्देशन में जिला प्रसाशन द्वारा कोई भी कमी नहीं होने दी जायेगा हर संभव मदद होगी. प्रचार मंत्री रवि जैन चुनगी ने बताया है कि मुनिश्री सुधासागर महाराज ससंध सतोदय तीर्थ क्षेत्र की पावन धरा पर संभावित 25-फरवरी को प्रवेश कर सकते हैं.

# रबी उपार्जन के लिए अब तक 6900 किसानों के पंजीयन

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 फरवरी. रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए सहकारी समितियों पर किसान पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये है.**

जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती ज्योति बघेल ने बताया कि किसान पंजीयन की कार्यवाही 7 फरवरी 2026 से प्रारंभ है, सहकारी समितियों के माध्यम से किये जा रहे किसान पंजीयन पूर्णतः निःशुल्क होगी. किसान द्वारा समितियों के अतिरिक्त स्वयं के मोबाईल पर पंजीयन एप डाउनलोड करके पंजीयन किया जा सकता है. इसके अतिरिक्त एम.पी. ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर भी सशुल्क पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है. किसान पंजीयन की कार्यवाही राजस्व विभाग के ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त गिरदावरी के आंकडों के आधार पर की जा रही है, पंजीयन के दौरान पंजीयन पोर्टल पर किसान द्वारा बोया गया रकबा अथवा फसल के संबंध में अंतर होने पर संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार के यहां संशोधन सुधार की व्यवस्था शासन द्वारा प्रदान की गई है, किसी भी प्रकार की विसंगति प्रदर्शित होने पर, संबंधित तहसीलदार के कार्यालय में तत्काल संपर्क करना होगा. किसान पंजीयन हेतु आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर प्राप्त होने के उपरांत ही पंजीयन कराएं.

**उमंग 2026** — त्रिदिवसीय कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुति

# वार्षिकोत्सव में रचनात्मक और नए प्रयोग ऑफ स्टेज इवेंट्स

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 फरवरी. सहोद्रा राय शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव उमंग 2026 का आयोजन संपन्न हुआ.**




कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. वाय. पी. सिंह द्वारा किया गया. उत्सव के शुरुआती दिनों में रंगोली, वॉल पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिताएं हुई. आधुनिक दौर की रुचियों को देखते हुए रील मेकिंग और सेल्फी बूथ मेकिंग जैसे नए और आकर्षक कॉम्पिटिशन रखे गए, जिसमें छात्रों ने अपनी क्रिएटिविटी दिखाई. साथ ही स्टाफ के लिए कुर्सी दौड़ और लेफ्ट-राइट गेम आयोजित किए गए. अंतिम दिन स्टेज कार्यक्रमों की धूम रही. फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में छात्रों ने बॉलीवुड और मदर नेचर जैसी थीम्स पर प्रस्तुतियां दीं. विद्यार्थियों द्वारा बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई. समूह नृत्य प्रतियोगिता में बधाई नृत्य को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ. साथ ही संस्था के हेल्थ एंड फिटनेस क्लब के तत्वाधान में श्रीमती रेखा अहिरवार के मार्गदर्शन एवं श्रीमती पूर्वी पारीक के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा हेल्थ एंड फिटनेस क्लब सोसाइटी द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर स्किट ड्रामा का मंचन किया गया. स्किट में दर्शाया गया कि वर्तमान समय में पढ़ाई, प्रतिस्पर्धा और पारिवारिक अपेक्षाओं के कारण युवा मानसिक दबाव का सामना कर रहे हैं. कलाकारों ने प्रभावशाली संवाद एवं अभिनय के माध्यम से यह संदेश दिया कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है.

# हिसास की काव्य गोष्ठी संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 फरवरी. बुंदेलखंड हिंदी साहित्य सम्मेलन विकास मंच द्वारा साप्ताहिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया.**

अमित मणीकांत चौबे ने संगोष्ठी का संचालन किया. सागर से देवकीनंदन रावत ने भक्ति-भाव से माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की. संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया. रायसेन से चित्रा चतुर्वेदी ने आभार व्यक्त किया. इस गोष्ठी में काव्य पाठ हेतु बड़ा मलहरा से डॉ देवदत्त द्विवेदी सरस, रीवा से डॉ बारेलाल जैन, पृथ्वीपुर से रविशंकर बिलगैंया तथा राजेश अहिरवार सुमनजी, खुरई से डॉ राजेंद्र मलैया नमन, जबलपुर से श्रीमती तरूणा खरे, दमोह से डॉ प्रेमलता नीलम, सागर से साहित्य मनीषीगण पूरन सिंह राजपूत, डॉ नलिन निर्मल जैन, प्रभात कटारे, संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी ने काव्यपाठ किया.

संगोष्ठी में उपस्थित साहित्य मनीषी व प्रबुद्धजनों में साहित्य मनीषी एलएन चौरसिया, एड के के सिलाकारी, शुकदेव तिवारी, वीरेंद्र त्रिपाठी, कृष्णकांत बख्शी, अजय सराफ, उमाकांत मिश्र श्यामलम, योगेश दत्त तिवारी आदि उपस्थित रहे.

## देवरी जनसुनवाई में मौजूद रहेंगे अधिकारी

**सागर.** जिले के देवरी विकासखंड में 24 फरवरी मंगलवार को विशेष जनसुनवाई आयोजित की जाएगी जिसमें कलेक्टर संदीप जी आर सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे. आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को सीधे जनता के द्वार तक ले जाना है, विशेष जनसुनवाई दोपहर 12 बजे से आरंभ की जाएगी. आमतौर पर ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के लिए जिला मुख्यालय के आना पड़ता है.मौके पर ही शिकायतों की जांच कर उनका समाधान किया जाएगा.